रोल नं.
Roll No.

मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 4
+ भारत का मानचित्र
No. of printed pages : 4
+ Map of India

**110**

**410 (IAI)**

# 2016

# इतिहास
# HISTORY

समय : 3 घण्टे ]
Time : 3 hours ]

[ पूर्णांक : 100
[ Max. Marks : 100

निर्देश : (i) इस प्रश्न पत्र में कुल 22 प्रश्न हैं। सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं।

(ii) 2 अंक वाले प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 50 शब्दों से अधिक न हो। 5 अंक वाले प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 150 शब्दों से अधिक न हो। 7 अंक वाले प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 250 शब्दों से अधिक न हो।

(iii) मानचित्र अपनी उत्तर पुस्तिका के साथ संलग्न कीजिए।

(iv) जहाँ कहीं आवश्यक हो स्टेंसिलों अथवा सांचों को रेखामानचित्र बनाने के लिए प्रयोग किया जा सकता है।

(v) प्रथम प्रश्न से प्रारंभ कीजिए और अन्त तक करते जाइये। जो प्रश्न न आता हो उस पर समय नष्ट न कीजिए।

Note : (i) There are 22 questions in all. Answer all the questions. Marks for each question are indicated against it.

(ii) Answer to questions carrying 2 marks should not exceed 50 words each. Answer to questions carrying 5 marks should not exceed 150 words each. Answer to questions carrying 7 marks should not exceed 250 words each.

(iii) Attach the map with the answer-book.

(iv) Stencils or templates for drawing outline maps may be used wherever necessary.

(v) Start from the first question and proceed to the last. Do not waste time over a question which you can not solve.

## पुरातत्व और प्राचीन भारत
## (Archaeology and Ancient India)

1. हड़प्पाई मुहर का संक्षिप्त विवरण दीजिये। 2
Give a brief description of the Harappan seal.

2. सोलह महाजनपद से आप क्या समझते हैं ? किसी एक प्रभावशाली महाजनपद का उल्लेख कीजिये। 2
What do you understand by the sixteen mahajanapadas ? Name any one powerful mahajanapada.

3. 'त्रिपिटक' क्या हैं ? उनके नाम बताइए। 2
What are 'Tripitaka' ? Write their name.

4. हड़प्पा–सभ्यता में शिल्प उत्पादन के लिये आवश्यक कच्चे माल का विवरण दीजिये। 5
Give description of raw materials required for craft production in the Harappan civilisation.

अथवा (OR)

मोहनजोदड़ो की कुछ विशिष्टताओं का वर्णन कीजिए।
Describe some of the distinctive features of Mohenjodaro.

5. छठी शताब्दी ई. पू. में भारत की राजनैतिक दशा का वर्णन कीजिए। 7
Describe the political condition of India in the sixth century BCE.

अथवा (OR)

"भारतीयों के जीवन, संस्कृति तथा गतिविधियों का ऐसा कोई पक्ष नहीं है जिसका प्रतिबिंब अभिलेखों में नहीं है।" इस कथन के प्रकाश में अशोक के अभिलेखों की चर्चा कीजिए।
"There is no aspect of life, culture and activities of the Indians that is not reflected in inscriptions." Discuss Asokan inscriptions in the light of this statement.

6. सांची की मूर्तिकला पर एक संक्षिप्त निबन्ध लिखिए। 7
Write a short essay on the sculpture at Sanchi.

अथवा (OR)

पौराणिक हिन्दू–धर्म के विकास की चर्चा कीजिए।
Discuss the growth of Puranic Hinduism.

## मध्यकालीन भारत
## (Medieval India)

7. इब्नबतूता द्वारा दास प्रथा के संबंध में दिये गये साक्ष्यों का उल्लेख कीजिये। 2
Mention the evidence for slavery provided by Ibn Battuta.

8. दक्षिण भारत के अलवार और नयनार संतों ने किस प्रकार जाति प्रथा की आलोचना की ? 2
How the Alvars and Nayanars, Saints of south India, criticised the caste system ?

9. मुगल शासन में भूमि–कर का निर्धारण किस प्रकार होता था ? 2
How was land revenue assessed in the Mughal state ?

10. बर्नियर का वृत्तांत किस सीमा तक इतिहासकारों को समकालीन ग्रामीण समाज को पुनर्निर्मित करने में सक्षम करता है ? विवेचना कीजिये। 5
To which extent, Bernier's account enables historians to reconstruct contemporary rural society ? Discuss.

अथवा (OR)

विश्लेषण कीजिए कि भक्ति और सूफी चिन्तकों ने अपने विचारों की अभिव्यक्ति के लिए विभिन्न भाषाओं का प्रयोग क्यों किया ?
Analyse why Bhakti and Sufi thinkers adopted a variety of languages to express their opinions ?

11. विजयनगर की जल–आवश्यकताओं को किस प्रकार पूरा किया जाता था ? 5
How were the water requirements of Vijayanagara met ?

अथवा (OR)

'महानवमी डिब्बा' से सम्बद्ध विभिन्न अनुष्ठानों का उल्लेख कीजिए। इनका क्या महत्व था ?
Describe the various rituals associated with the 'Mahanavami Dibba'. What was the significance of these rituals ?

12. मुगलकालीन भारत में कृषि उत्पादन में महिलाओं की भूमिका का वर्णन कीजिए। 7
Describe the role played by women in agricultural production in Mughal India.

अथवा (OR)

मुगल भारत में जमींदारों की भूमिका की समीक्षा कीजिए।
Examine the role played by Zamindars in Mughal India.

13. अकबर के दरबारी–इतिहासकार के रूप में अबुल फजल के कार्य का मूल्यांकन कीजिए। 7
Evaluate Abul Fazl's work as Akbar's court historian.

अथवा (OR)

मुगल प्रान्तीय शासन की प्रमुख विशिष्टताओं की चर्चा कीजिए। केन्द्र, प्रान्तों पर किस प्रकार नियंत्रण रखता था ?
Discuss the major features of Mughal provincial administration. How did the centre control the provinces ?

## आधुनिक भारत
## (Modern India)

14. 'दक्कन दंगा आयोग' पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। 2
Write a short note on the 'Deccan Riots Commission'.

15. 1857 की क्रान्ति में मौलवी अहमदुल्ला शाह की क्या भूमिका थी ? 2
What part did Maulvi Ahmadullah Shah play in the revolt of 1857 ?

16. 'उद्देश्य प्रस्ताव' में किन आदर्शों पर बल दिया गया था ? 2
What were the ideals expressed in the 'Objectives Resolution' ?

17. ग्रामीण बंगाल में 'जोतदारों' के उत्कर्ष का वर्णन कीजिए। 5
Describe the rise of 'Jotedars' in rural Bengal.

अथवा (OR)

अमेरिकी गृहयुद्ध ने भारत में रैयत समुदाय के जीवन को किस प्रकार प्रभावित किया ?
How did the American Civil War affect the lives of Ryots in India ?

18. 1857 की क्रान्ति में अफवाहों और भविष्यवाणियों की लोगों को सक्रिय करने में क्या भूमिका थी ? चर्चा कीजिए। 5
How rumours and prophecies played a part in moving people to action in the revolt of 1857 ? Discuss.

अथवा (OR)

1857 के घटनाक्रम को निर्धारित करने में धार्मिक विश्वासों की किस हद तक भूमिका थी ? विवेचना कीजिए।
Discuss the extent to which religious beliefs shaped the events of 1857.

19. प्रमुख भारतीय व्यापारियों ने औपनिवेशिक नगरों में स्वयं को किस तरह स्थापित किया ? 5
How did the prominent Indian merchants establish themselves in the colonial cities ?

अथवा (OR)

उन्नीसवीं शताब्दी में नगर–नियोजन को प्रभावित करने वाली चिन्ताएँ कौन–सी थीं ?
What were the concerns that influenced town planning in the nineteenth century ?

20. महात्मा गाँधी ने राष्ट्रीय आन्दोलन के स्वरूप को किस तरह बदल दिया ? स्पष्ट कीजिये। 7
In what way did Mahatma Gandhi transform the nature of the national movement ? Clarify.

अथवा (OR)

भारत–विभाजन के लिए उत्तरदायी कारणों का उल्लेख कीजिए।
Enumerate the factors that led to the partition of India.

21. संविधान–सभा के गठन की चर्चा कीजिए। किन छः सदस्यों ने संविधान–निर्माण में विशेष रूप से महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ? 7
Discuss the making of the Constituent Assembly. Which six members played particularly important role in framing the constitution ?

अथवा (OR)

संविधान सभा में राज्यों की तुलना में केन्द्र के लिये ज्यादा शक्तियों के पक्ष में क्या तर्क दिये गये ? उल्लेख कीजिये।
In Constituent Assembly, what were the arguments in favour of greater power to the Centre in comparision to States ? Mention.

22. (क) दिए गए भारत के राजनैतिक रेखा मानचित्र पर ऐतिहासिक महत्व के निम्नलिखित स्थानों को अंकित कर उनके नाम भी लिखिये – 5
(i) ढोलावीरा (ii) कालसी (iii) बोधगया
(iv) अजमेर (v) हैदराबाद

(ख) भारत के इसी रेखा मानचित्र पर औपनिवेशिक–काल में स्थापित पाँच महत्वपूर्ण 'हिल स्टेशनों' को अंकित कर उनके नाम भी लिखिए। 5

(a) On the given political outline map of India, plot and name the following places of historical importance –
(i) Dholavira (ii) Kalsi (iii) Bodhgaya
(iv) Ajmer (v) Hyderabad

(b) On the same outline map of India plot and name five important Hill Stations founded during the colonial period.

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिहीन परीक्षार्थियों के लिए उपर्युक्त प्रश्न संख्या 22 के स्थान पर है।**

(क) निम्नलिखित स्थानों का ऐतिहासिक महत्व बताइए – 5
(i) ढोलावीरा (ii) कालसी (iii) बोधगया
(iv) अजमेर (v) हैदराबाद

(ख) औपनिवेशिक काल में स्थापित पाँच महत्वपूर्ण 'हिल स्टेशनों' का नाम लिखिए और प्रत्येक के सम्मुख उस राज्य का भी नाम लिखिए. जिसमें वह अब स्थित है। 5

**Note : The following question is only for the blind candidates in lieu of above question No. 22.**

(a) Mention the historical importance of each of the following places –
(i) Dholavira (ii) Kalsi (iii) Bodhgaya
(iv) Ajmer (v) Hyderabad


(b) Write the names of five important 'Hill Stations' founded during the colonial period and also mention the name of the state against each in which it is situated now.

********

**2016** **410 (IAI)**

अनुक्रमांक
Roll No. | | | | | | | | |

प्रश्न संख्या 22 (क) एवं (ख) के लिए
[ For Q. No. 22 (a) & (b) ]




| केवल परीक्षकों के लिए (For Examiners Only) | प्रश्न संख्या 22 (Q. No. 22) | क (a) | | | | | | ख (b) | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | (i) | (ii) | (iii) | (iv) | (v) | योग Total | (i) | (ii) | (iii) | (iv) | (v) | योग Total |
| | प्रदत्त अंक (Marks Provided) | | | | | | | | | | | | |